Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,

फतेहपुर–212601

पत्रांक : 2403/ M-7 /192 दिनांक : 29-10-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर के ई–संस्करण दिनांक 29.10.2026 में प्रकाशित शीर्षक **"देवमई में अधूरी पानी की टंकी:लाखों खर्च के बाद भी ग्रामीणों को पेयजल का इंतजार"** के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **दैनिक भाष्कर** के ई–संस्करण दिनांक 29.10.2026 में प्रकाशित शीर्षक **"देवमई में अधूरी पानी की टंकी:लाखों खर्च के बाद भी ग्रामीणों को पेयजल का इंतजार"** के माध्यम से प्राप्त शीर्षक के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विकास खण्ड–देवमई अन्तर्गत देवमई पेयजल योजना पर जल जीवन मिशन (फेज–3) कार्यक्रम अन्तर्गत मे0 पावरमेक–भूरथनम (जे0वी0) द्वारा कार्य कराया गया है। वर्तमान में योजना पर टयूबवेल, पम्प लोअरिंग, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, ग्रिड अधिष्ठापन पूर्ण, वितरण प्रणाली 65% तथा गृह संयोजन 30% पूर्ण है। कार्य प्रारम्भ कराने हेतु फर्म को निर्देशित कर दिया गया है, 01 सप्ताह के अन्दर कार्य प्रारम्भ करा लिए जाएंगे। शीघ्र ही योजना के अवशेंष कार्यो को पूर्ण कराकर ग्राम में पूर्ण क्षमता से सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित करा दी जायेगी।

**सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता

दैनिक भास्कर
Thu, Oct 29, 2026
Updated 12:15 PM IST





# देवमई में अधूरी पानी की टंकी: लाखों खर्च के बाद भी ग्रामीणों को पेयजल का इंतजार

सुरेंद्र यादव | देवमई(बिंदकी), फतेहपुर
1 दिन पहले



दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us
फीडबैक दें

A.E.